an>

Title: Need to expedite enquiry in death care of Dr. Dabolkar in Maharashtra.

श्री धर्म वीर गांधी : सभापति जी, महाराष्ट्र के डा. डाबोलकर अंधविश्वास, धर्मांधता और धर्मोन्माद के खिलाफ एक बहुत बड़ा आंदोलन चला रहे थे। लोगों में जो साइंटिफिक एटीट्यूड है, वैज्ञानिक दृष्टिकोण है, उसे विकसित करने के लिए काम कर रहे थे। एक साल पहले कुछ प्रतिक्रियावादी शक्तियों द्वारा उनकी निर्मम हत्या कर दी गई थी। एक साल से उनके कत्ल की गुत्थी सुलझ नहीं पाई है। तीन महीने पहले यह केस सीबीआई को दिया गया परन्तु कातिल अभी तक कानून की गिरफ्त से बाहर है। मेरी सदन से विनती है कि इस मामले को इम्पार्टेंस दी जाए। वे बहुत महान् व्यक्ति थे। वे समाज में लोगों का वैज्ञानिक दृष्टिकोण बना रहे थे। वे अंधविश्वास के खिलाफ बहुत बड़े प्रचारक थे। मेरी गृह मंत्री जी से विनती है कि हमें इस इन्वैस्टीगेशन की स्थिति के बारे में बताया जाए।